जलभराव | स्कूल परिसर में ग्रामीणों ने पकड़ी मछलियां, वर्षों से नाली निर्माण की मांग अधूरी

विद्यालय बना तालाब, विद्यार्थी हो रहे परेशान

अनूपपुर, नवभारत 22 जुलाई। अनूपपुर विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत दैखल के बंधवाटोला स्थित शासकीय प्राथमिक विद्यालय में बारिश के बाद एक बार फिर बदहाल व्यवस्थाओं की तस्वीर सामने आई है।

मंगलवार रात हुई तेज बारिश के बाद विद्यालय परिसर पूरी तरह जलमग्न हो गया, जिससे स्कूल तालाब जैसा नजर आने लगा। छोटे-छोटे बच्चों को कक्षाओं तक पहुंचने के लिए घुटनों तक भरे पानी से होकर गुजरना पड़ा।

खुली व्यवस्था की पोल

स्थिति इतनी गंभीर रही कि विद्यालय परिसर में जमा पानी में ग्रामीण मछलियां पकड़ते दिखाई दिए। जाल और पारंपरिक साधनों से मछली पकड़ते लोगों का दृश्य पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बना रहा। ग्रामीणों का कहना है कि जहां बच्चों को पढ़ाई करनी चाहिए, वहां बारिश के बाद मछली पकड़ने की नौबत आ जाना व्यवस्था की पोल खोलने के लिए काफी है।

हर वर्ष बारिश के दौरान होता है जलभराव

स्थानीय लोगों के अनुसार विद्यालय परिसर में हर वर्ष बारिश के दौरान जलभराव होता है। जल निकासी के लिए नाली नहीं होने से पूरा परिसर तालाब में तब्दील हो जाता है। कई बार संबंधित विभागों और जनप्रतिनिधियों से समस्या के स्थायी समाधान की मांग की गई, लेकिन अब तक केवल आश्वासन ही मिले हैं।

जल निकासी व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग

ग्रामीणों और अभिभावकों ने जिला प्रशासन, शिक्षा विभाग, जनपद पंचायत और जिला पंचायत से विद्यालय परिसर में तत्काल पक्की नाली का निर्माण कर स्थायी जल निकासी व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है। उनका कहना है कि यदि शीघ्र समाधान नहीं किया गया तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

संक्रामक बीमारियों की आशंका

जलभराव के कारण बच्चों को विद्यालय पहुंचने में परेशानी का सामना करना पड़ता है। फिसलने का खतरा बना रहता है, वहीं गंदे पानी के कारण मच्छरों का प्रकोप बढ़ने से संक्रामक बीमारियों की आशंका भी बनी रहती है। अभिभावकों ने बताया कि बारिश के मौसम में जहरीले जीव-जंतुओं के निकलने का डर भी बना रहता है, जिससे बच्चों की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है।

सड़क पर बिखरी निर्माण सामग्री से आवागमन बाधित

▸ लोगों में नाराजगी कार्रवाई की मांग

अनूपपुर, नवभारत 22 जुलाई। जिला मुख्यालय के वार्ड क्रमांक 4 में निर्माणाधीन नाली के कार्य के दौरान स्टेशन चौक के समीप चचाई रोड पर गिट्टी, रेत और टूटा हुआ निर्माण मटेरियल सड़क पर फैला दिए जाने से आवागमन बाधित हो गया है। स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि नगर पालिका की लापरवाही के कारण राहगीरों और वाहन चालकों को रोजाना भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बताया जा रहा है कि सड़क के बीचों-बीच निर्माण सामग्री डाले जाने से मार्ग संकरा हो गया है। इससे न केवल वाहनों की आवाजाही प्रभावित हो रही है, बल्कि दुकानों के सामने भी विवाद की स्थिति बन रही है।

सड़क पर निर्माण सामग्री नहीं डाली जानी चाहिए

स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क पर फैली गिट्टी और टूटा मटेरियल दुर्घटना का कारण बन सकता है। गौरतलब है कि रेलवे ओवरब्रिज निर्माण के चलते अंडरब्रिज और चचाई की ओर जाने वाले लोगों के लिए यही प्रमुख मार्ग है। ऐसे में इस मार्ग पर निर्माण सामग्री फैले होने से हजारों लोगों को प्रतिदिन परेशानी उठानी पड़ रही है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि सार्वजनिक सड़क पर इस तरह निर्माण सामग्री नहीं डाली जानी चाहिए। उनका आरोप है कि नगर पालिका प्रशासन ने अब तक सामग्री हटाने के लिए कोई प्रभावी कदम नहीं उठाया है।

एक नजर में

पुलिस ने 750 ग्राम गांजे के साथ आरोपी को दबोचा

अनूपपुर, नवभारत। जिले में अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बिजुरी पुलिस ने 750 ग्राम गांजा के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से गांजा के अलावा एक मोटरसाइकिल भी जब्त की है। पुलिस के अनुसार 18 जुलाई को पंचमुखी हनुमान मंदिर लोहसरा रोड बिजुरी के पास वाहन चेकिंग के दौरान बहेराबांध की ओर से आ रहे एक व्यक्ति बाइक क्रमांक एमपी 65 एमई 6202 से आते दिखा, जिसे रोका गया। तलाशी लेने पर बाइक के हैंडल पर टंगे झोले में 750 ग्राम गांजा बरामद हुआ। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम हेतराम जोगी पिता स्वर्गीय लाला जोगी बताया। बरामद गांजे की अनुमानित कीमत 8 हजार रुपये आंकी गई है।

लकवे से परेशान व्यक्ति ने लगाई फांसी

अनूपपुर, नवभारत। देवहरा पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत संजयनगर में बुधवार सुबह एक 50 वर्षीय व्यक्ति का शव घर के पास स्थित आम के पेड़ से फांसी के फंदे पर लटका मिला। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची, शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया और बाद में परिजनों को सौंप दिया। मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी गई है। देवहरा चौकी प्रभारी रंगनाथ मिश्रा ने बताया कि प्रारंभिक जांच के अनुसार घटना देर रात करीब 12 बजे से सुबह 4 बजे के बीच की प्रतीत होती है। मृतक की पहचान बारेलाल सेन (50) के रूप में हुई है। पुलिस की शुरुआती पूछताछ में परिजनों ने बताया कि बारेलाल सेन करीब एक वर्ष पहले लकवाग्रस्त हो गए थे। लंबे समय से उपचार के बावजूद स्वास्थ्य में अपेक्षित सुधार नहीं होने के कारण वे मानसिक तनाव में रहते थे।

कांग्रेस नेताओं की गिरफ्तारी के विरोध में कांग्रेस का धरना

अनूपपुर, नवभारत। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी राजनगर के नेतृत्व में सोमवार को रामनगर थाना के सामने धरना-प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन के बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने एसडीएम कोतमा के नाम रामनगर थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपकर अपना विरोध दर्ज कराया।

ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष राहुल सिंह परिहार के नेतृत्व में सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया कि 21 जुलाई को नई दिल्ली में कांग्रेस नेता राहुल गांधी, कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, प्रियंका गांधी

सहित अन्य कांग्रेस सांसद प्रधानमंत्री आवास के निकट छात्रों पर हुए कथित लाठीचार्ज के विरोध में धरना-प्रदर्शन कर रहे थे। कांग्रेस का आरोप है कि इस दौरान दिल्ली पुलिस ने सभी नेताओं को गिरफ्तार कर लिया। इसी कार्रवाई के विरोध में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी राजनगर ने रामनगर थाना के समक्ष धरना देकर केंद्र सरकार एवं दिल्ली पुलिस की कार्रवाई के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया।

पारदर्शी परीक्षा प्रणाली और समयबद्ध भर्तियों की मांग

▸ गूंज अभियान के तहत छात्र संवाद आयोजित

अनूपपुर, नवभारत 22 जुलाई। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रव्यापी छात्रों की गूंज अभियान के तहत बुधवार को जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा धनश्री पैलेस में छात्र संवाद कार्यक्रम तथा जिला कांग्रेस कार्यालय में पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में एआईसीसी की अभियान समन्वयक प्रतिभा रघुवंशी मुख्य रूप से उपस्थित रहीं। अध्यक्षता जिला कांग्रेस

अध्यक्ष श्याम कुमार (गुड्डू) चौहान ने की, जबकि संयोजन युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष मानवेंद्र मिश्रा ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस अध्यक्ष श्याम कुमार चौहान ने कहा कि अभियान का उद्देश्य छात्रों और युवाओं की समस्याओं को राष्ट्रीय स्तर पर उठाना है।

पेपर लीक मामला गंभीर है

उन्होंने पेपर लीक, भर्ती परीक्षाओं में अनियमितताओं, बेरोजगारी और शिक्षा व्यवस्था की चुनौतियों को युवाओं के भविष्य के लिए गंभीर बताया। एआईसीसी समन्वयक प्रतिभा रघुवंशी ने अभियान की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए छात्रों से संवाद किया। इस दौरान एलईडी स्क्रीन पर लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के कोटा और देहरादून में आयोजित कार्यक्रमों के वीडियो प्रदर्शित किए गए।

छात्रों को दी गई नशे के दुष्परिणामों की जानकारी

▸ सांदीपनी विद्यालय पचखुरा में पुलिस का नशामुक्त जनजागृति अभियान

कोतमा नवभारत 22 जुलाई। युवा पीढ़ी को नशे की लत से बचाने और समाज में जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से कोतमा थाना पुलिस द्वारा एक विशेष 'नशामुक्त जनजागृति अभियान' चलाया गया।

इस अभियान के तहत शासकीय संदीपनी विद्यालय, पचखुरा में एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें पुलिस अधिकारियों, विद्यालय के शिक्षकों और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान कोतमा

थाना प्रभारी रत्नांबर शुक्ला ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए नशे के सामाजिक, शारीरिक और मानसिक दुष्परिणामों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने छात्रों को स्पष्ट हिदायद दी कि वे नशे से पूरी तरह दूर रहे।

नशे की आदत खराब करती हैं भविष्य

थाना प्रभारी ने बताया कि सिगरेट, गुटखा, पान मसाला, तंबाकू और शराब जैसी बुरी आदतें न केवल इंसान के चरित्र और भविष्य को खराब करती हैं, बल्कि पूरे परिवार को संकट में डाल देती हैं। संबोधन में इस बात पर विशेष जोर दिया गया कि तंबाकू और धूम्रपान से कैंसर जैसी भयानक बीमारियां होती हैं, जिनका अंततः परिणाम असमय मृत्यु ही होता है।

नशे से दूरी है जरूरी बैनर के साथ ली शपथ

कोतमा पुलिस ने संदीपनी विद्यालय के विद्यार्थियों को बताए नशे के गंभीर दुष्परिणाम बताते हुए नशामुक्त जीवन जीने की प्रेरणा दी, कार्यक्रम के अंत में पुलिस बल, शिक्षकवृंद और स्कूली छात्र-छात्राओं ने हाथों में नशे से दूरी है जरूरी का बैनर लेकर नशामुक्त समाज के निर्माण का संकल्प लिया। इस दौरान विद्यालय परिवार ने कोतमा पुलिस की इस जनहितैषी पहल की प्रशंसा की और आभार व्यक्त किया।

नई सड़क और सामुदायिक भवन का निर्माण शुरू

▸ नगर पालिका अध्यक्ष एवं वार्ड पार्षद का वार्डवासियों ने जताया आभार

कोतमा नवभारत 22 जुलाई। नगर पालिका परिषद कोतमा अंतर्गत वार्ड क्रमांक 11 के निवासियों को वर्षों से आ रही आवागमन और सामाजिक कार्यक्रमों के आयोजन की समस्याओं से अब जल्द ही राहत मिलने वाली है। महाराजा मार्तंड महाविद्यालय के ठीक सामने से वार्ड क्रमांक 11 की ओर बनने जा रही नई सड़क और लाखों रुपये की लागत से निर्माणाधीन सामुदायिक भवन को लेकर वार्डवासियों में भारी उत्साह है। इस जनकल्याणकारी कार्य के लिए वार्ड के नागरिकों ने नगर पालिका अध्यक्ष एवं क्षेत्रीय वार्ड पार्षद का सहृदय आभार व्यक्त किया है।

सामाजिक और वैवाहिक आयोजन होंगे आसान

सड़क के साथ-साथ वार्ड में लाखों रुपये की लागत से सामुदायिक भवन का निर्माण भी तेजी से चल रहा है। स्थानीय लोगों ने बताया कि इस भवन के बन जाने से भविष्य में वार्डवासियों को शादी-ब्याह, सामाजिक बैठकों और अन्य मांगलिक कार्यक्रमों के आयोजन के लिए परेशान नहीं होना पड़ेगा, अब वार्ड के गरीब व मध्यमवर्गीय परिवारों को किसी भी आयोजन के लिए महंगे मैरिज गार्डन या दूर-दराज के स्थानों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा।

खेतों और कीचड़ भरे रास्तों से मिलेगी मुक्ति

स्थानीय निवासियों ने अपनी व्यथा साझा करते हुए बताया कि इससे पूर्व उन्हें मुख्य मार्ग तक पहुँचने के लिए खेतों के बीच बने कच्चे रास्ते का सहारा लेना पड़ता था। बारिश के दिनों में यह रास्ता पूरी तरह कीचड़ में तब्दील हो जाता था, जिससे पैदल चलना भी दूभर हो जाता था। सबसे अधिक कठिनाई स्कूली बच्चों को होती थी।

राजनगर-झिरियाटोला मार्ग की हालत जर्जर, सांसद प्रतिनिधि ने उठाई आवाज

अनूपपुर, नवभारत 22 जुलाई। नगर परिषद बनगवां (राजनगर) के सांसद प्रतिनिधि मनोज सिंह ने राजनगर 5-6 इंकलाइन से झिरियाटोला राष्ट्रीय राजमार्ग-43 तक जाने वाली जर्जर सड़क की मरम्मत, चौड़ीकरण एवं साइड शोल्डर निर्माण की मांग को लेकर एसईसीएल हसदेव क्षेत्र के मुख्य महाप्रबंधक को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में बताया गया कि एसईसीएल द्वारा वर्षों पहले निर्मित यह सड़क लंबे समय से मरम्मत के अभाव में बदहाल हो चुकी है।

सड़क पर जगह-जगह गड्ढे बन गए हैं और दोनों ओर के साइड शोल्डर भी पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुके हैं, जिससे दुर्घटनाओं की आशंका लगातार बनी रहती है। खराब सड़क के कारण स्थानीय नागरिकों और राहगीरों को प्रतिदिन आवागमन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़

सड़क का चौड़ीकरण आवश्यक है : सिंह

सांसद प्रतिनिधि मनोज सिंह ने कहा कि यह मार्ग बनगवां (राजनगर) को राष्ट्रीय राजमार्ग-43 से जोड़ने वाला प्रमुख संपर्क मार्ग है। इसी रास्ते से छत्तीसगढ़ सहित आसपास के कई गांवों के लोग रोजाना आवागमन करते हैं। ऐसे में सड़क की शीघ्र मरम्मत, आवश्यकतानुसार चौड़ीकरण तथा साइड शोल्डर का निर्माण जनहित और सड़क सुरक्षा की दृष्टि से अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने एसईसीएल प्रबंधन से मांग की कि आमजन की सुविधा और सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए सड़क की जल्द से जल्द मरम्मत एवं चौड़ीकरण का कार्य कराया जाए।

चोरी | मां-बेटी को भनक तक नहीं लगी, गहने, घरेलू सामान और बर्तन ले उड़े चोर

रोशनदान से घर में घुसे चोर, 3 लाख की चोरी

अनूपपुर, नवभारत 22 जुलाई। जैतहरी थाना क्षेत्र के मुर्रा गांव में मंगलवार-बुधवार की दरमियानी रात चोरों ने एक घर में सेंध लगाकर करीब तीन लाख रुपये मूल्य के गहने, घरेलू सामान और बर्तन चोरी कर लिए।

घटना के समय घर में मौजूद मां और बेटी दूसरे कमरे में सो रही थीं, लेकिन उन्हें चोरी की भनक तक नहीं लगी। पीड़ित कमलेश सिंह गोंड ने बताया कि घटना के समय वह हिंदुस्तान पावर प्लांट में रात्रि ड्यूटी पर थे। सुबह ड्यूटी से लौटने पर उनकी पत्नी ने दरवाजा खोला। जब परिवार के लोग कमरों



में पहुंचे तो देखा कि अलमारी, दीवान और बर्तन की पेटी खुली पड़ी थी तथा पूरा सामान बिखरा हुआ था।

अलमारियों का सामान बाहर बिखरा पड़ा था

परिजनों ने घर के पीछे स्थित बाड़ी में जाकर देखा तो वहां दोनों अलमारियां खुली अवस्था में मिलीं। अलमारियों का सामान बाहर बिखरा पड़ा था, जबकि उनमें रखे गहने, कीमती सामान और बर्तन गायब थे। पीड़ित के अनुसार चोरी से करीब ढाई से तीन लाख रुपये का नुकसान हुआ है। सूचना मिलने पर जैतहरी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया।

मामला किसी संगठित गिरोह का प्रतीत हो रहा : पांडे

पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाना प्रभारी गोकुलानंद पांडे ने बताया कि शुरुआती जांच में मामला किसी संगठित गिरोह का प्रतीत हो रहा है। आशंका है कि चोर घर से लगी सीढ़ी के सहारे रोशनदान तक पहुंचे, वहां से कुंडी खोलकर घर के अंदर दाखिल हुए और चोरी की वारदात को अंजाम दिया।

अलमारियां उठाकर घर के पीछे बाड़ी में ले गए

इसके बाद वे दोनों अलमारियां उठाकर घर के पीछे बाड़ी में ले गए, जहां उन्हें खोलकर गहने और अन्य कीमती सामान निकाल लिया। पुलिस के अनुसार आरोपियों की तलाश जारी है और जल्द ही उन्हें गिरफ्तार करने का दावा किया गया है।

कार्यालय कलेक्टर, जिला अनूपपुर एवं पदेन उप सचिव (म.प्र.) शासन राजस्व विभाग

क्रमांक / 998271/न्यूजोन इण्डिया प्लांट भूमि/2026 — अनूपपुर, दिनांक 10/06/2026

-: अधिसूचना:-

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेसर्स न्यूजोन इण्डिया प्राईवेट लिमिटेड के द्वारा जिला अनूपपुर (म.प्र.) अन्तर्गत तहसील अनूपपुर के ग्राम रक्सा एवं कोलमी में 2x800 मेगावाट कोयला आधारित सुपर किटिकल थर्मल पावर प्लांट की स्थापना की जा रही है। उक्त परियोजना के स्थापना हेतु अतिरिक्त भूमि की आवश्यकता है, जिसके लिए मेसर्स न्यूजोन इण्डिया प्राईवेट लिमिटेड अनूपपुर, ग्राम रक्सा एवं कोलमी की 41.966 हे. निजी भूमियों का अर्जन करना चाहती है। उक्त हेतु सामाजिक समाघात निर्धारण अध्ययन, भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम, 2013 (क्रमांक 30 सन् 2013) की धारा-4 के प्रावधानों के अनुसार वर्तमान में प्रचलित है।

म.प्र. भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार नियम, 2015 की धारा 8 के प्रावधान के तहत कलेक्टर जिला अनूपपुर द्वारा मेसर्स न्यूजोन इण्डिया प्राईवेट लिमिटेड जिला अनूपपुर, तहसील अनूपपुर अन्तर्गत प्लांट स्थापना हेतु आवश्यक अतिरिक्त भूमि के अर्जन हेतु प्रस्तुत प्रतिवेदन के साथ संलग्न सामाजिक समाघात मूल्यांकन रिपोर्ट एवं विशेषज्ञ समूह की अनुशंसा के अवलोकन पश्चात स्पष्ट है कि प्रस्तावित परियोजना लोक प्रयोजन की पूर्ति करती है, परियोजना के संभाव्य फायदे, सामाजिक खर्च और प्रतिकूल समाजिक समाघातों की तुलना में अधिक है एवं प्रस्तावित भूमि न्यूनतम सीमा के अन्तर्गत है, जिसके क्रम में परियोजना की स्थापना होगी एवं यथा संभव न्यूनतम विस्थापन, अवसंरचना, परिस्थिति में कम से कम विघ्न तथा न्यूनतम प्रतिकूल समाघात सुनिश्चित होता है।

विशेषज्ञ समूह की समाघात मूल्यांकन रिपोर्ट भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम, 2013 के प्रावधानों की परिधि में है एवं परियोजना के लिए भूमि अर्जन अधिनियम के अन्तर्गत वर्णित शर्तों को पूर्ण करता है। अत: विशेषज्ञ समूह द्वारा प्रस्तुत सामाजिक समाघात मूल्यांकन रिपोर्ट का अनुमोदन किया जाता है।

(कलेक्टर महोदय द्वारा अनुमोदित)

अपर कलेक्टर,
जिला अनूपपुर (म.प्र.)